दैनिक भास्कर 09/05/2024

जीएमएन कॉलेज में विश्व रेडक्रॉस दिवस पर कराई पोस्टर मेकिंग और भाषण प्रतियोगिता

भास्कर न्यूज | अम्बाला

जीएमएन कॉलेज में विश्व रेडक्रॉस दिवस पर कई गतिविधियां कराई गईं। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त की अध्यक्षता में प्राध्यापकों व विद्यार्थियों ने संयुक्त रूप से शपथ लेकर किया। इसके बाद पोस्टर मेकिंग और भाषण प्रतियोगिताएं कराई। प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने आज ही के दिन यूथ रेडक्रॉस की विश्व में स्थापना हुई थी। मानव का सबसे बड़ा धर्म दूसरे व्यक्तियों की सेवा करना और सहयोग प्रदान करना है, इसलिए हम सभी का यह परम कर्तव्य है कि हम इस पावन कार्य में भाग लें। उन्होंने कहा कि हमें रक्तदान, स्वच्छता, प्राथमिक सहायता के लिए भी तत्पर रहना चाहिए। इस अवसर पर डॉ. सीमा कंसल, डॉ. एसएस नैन, डॉ. बाटला, डॉ. अनुपमा सिहाग, डॉ. रवनीत कौर, डॉ. पिंकी गुप्ता, डॉ. रितु गुप्ता व श्याम रहेजा मौजूद थे।